फिर खुलेगी गोवर्धन सागर की फाइल, सप्त सागरों के स्वच्छता मिशन पर हुए साइन

निगमायुक्त के निर्देश पर अभियान, धार्मिक महत्व के सागरों पर हो रहा है कब्जा, जिला प्रशासन और नगर निगम की सतत चलेगी मुहिम

उज्जैन। स्कंद पुराण में जिन उज्जैन के सप्त सागरों का उल्लेख है। उनकी अनदेखी के चलते धार्मिक भावनाएं आहत हो रही है। शहर के सप्त सागरों में से कई सागरों पर अवैध निर्माण अतिक्रमण हो चुके हैं। जिसमें से एक गोवर्धन सागर का भी नंबर पहले लग चुका है, सागर की जद में बनी दुकानों का मामला लंबे समय से चल रहा है अब एक बार फिर वीडी मार्केट की फाइल भी खुलने वाली है।

नवभारत को मिली जानकारी के अनुसार वीडी मार्केट के अंदर जो अवैध दर्जन भर दुकानें बनाई गई है। उनका एक हिस्सा गोवर्धन सागर पर आ रहा है सर्वे नंबरों की हेराफेरी से लेकर तत्कालीन जिम्मेदारों ने लापरवाही और स्वहितों की पूर्ति कर ली थी। जिसके कारण लगातार अवैध निर्माण और अतिक्रमण हो गए। ऐसे में गोवर्धन सागर संकुचित हो गया यही कारण है कि इसको लेकर यदाकदा कार्रवाई भी पूर्व में हुई है।

एनजीटी के सख्त आदेश-आयुक्त ने ली सुध

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) द्वारा सप्तसागरों एवं जलस्त्रोतों को साफ, स्वच्छ रखे जाने तथा आस पास से अतिक्रमण हटाए जाने के संबंध में निर्देश दिए गए थे। वीडी मार्केट के ठीक पीछे धार्मिक महत्व का गोवर्धन सागर है जिसका पूजन अर्चन धार्मिक श्रद्धालु महिलाओं द्वारा किया जाता है। ऐसे में उस पर कब्जे को लेकर भी एनजीटी ने पूर्व में आदेश दिए थे, जिन्हें अब तक हटाया नहीं गया। एनजीटी की जो आदेश है उसके क्रम में निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा शुक्रवार को समीक्षा बैठक में निर्देशित किया था कि सप्त सागरों पर सफाई कार्य किया जाए। इसी क्रम में शनिवार को नगर निगम स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा क्षीरसागर, विष्णु सागर, पुरुषोत्तम सागर एवं दो तालाब पर विशेष सफाई अभियान कार्य प्रारंभ किया गया। आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा निर्देशित किया गया की सप्तसागरों का शासकीय रिकॉर्ड अनुसार मौके पर सर्वे करके और अतिक्रमण होने पर हटाने की कार्रवाई एवं सफाई कार्य किए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही भवन अधिकारी एवं भवन निरीक्षकों को निर्देशित किया गया कि एनजीटी द्वारा दिए गए निर्देशों का सख्ती से पालन करते हुए सप्त सागर से अतिक्रमण हटाते हुए विशेष सफाई कार्य किया जाए तथा 07 दिवस में की गई कार्रवाई की रिपोर्टिंग दी जाए। विदित हो कि जिन सप्त सागरों को अतिक्रमण कर कब्जा किया गया है। उनका अपने आप में काफी महत्व पुराणों में बताया गया लेकिन फिर इन पर अब तक किसी की नजर नहीं पड़ी थी। लेकिन निगम आयुक्त ने धार्मिक महत्व को समझते हुए और आने वाले सिंहस्थ में स्नान को दृष्टिगत रखते हुए इनकी सुध लेकर अतिक्रमण हटाने के साथ सफाई करने के निर्देश दिए हैं।

आयुक्त ने कार्यों की गति बढ़ाने निर्देश दिए

उज्जैन। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा जिन क्षेत्रों में मार्ग चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। ऐसे कार्यों पर नियमित रूप से अधिकारियों से प्रतिदिन की प्रोग्रेस रिपोर्ट ली जाकर मॉनीटरिंग की जा रही है। साथ ही समय-समय पर आयुक्त द्वारा निरीक्षण करते हुए कार्य की गति बढ़ाएं जाने हेतु निर्देशित किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को निगम आयुक्त द्वारा दो तालाब से टैगोर चौराहा, नीलगंगा से मंछामन हरिफाटक ब्रिज तक नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत मार्ग चौड़ीकरण एवं नीलगंगा से गेल इंडिया तक चल रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण अधिकारियों के साथ किया गया। साथ ही निर्देशित किया कि जितना कार्य प्रारंभ किया गया है। वहां पर नाली निर्माण एवं सेंट्रल डिवाइड का कार्य प्राथमिकता से करते हुए कार्य की गति बढ़ाएं एवं जो समय सीमा कार्य में कार्य पूर्ण किया जाए। कार्य की रिपोर्ट लेते हुए कार्य की मॉनीटरिंग करें। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक यंत्री संतोष गुप्ता, कार्यपालन यंत्री पीयूष भार्गव, सहायक यंत्री साहिल मैदावाला, उपयंत्री मुकुल मेश्राम उपस्थित रहे।

आज नवविवाहित जोड़ों का होगा विशेष सम्मान

उज्जैन। सिंधी समाज माधव नगर द्वारा आज रविवार, 8 फरवरी को समाज के भव्य पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम परमेश्वरी गार्डन में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा, जिसका उद्देश्य समाज में आपसी प्रेम और सौहार्द को बढ़ाना है। संस्था के अध्यक्ष रमेश गजरानी और महासचिव महेश गंगवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मिलन समारोह में उन बच्चों और नवदंपतियों का मंच पर विशेष सम्मान किया जाएगा, जिनका विवाह अप्रैल 2025 के बाद संपन्न हुआ है। यह समाज की नई पीढ़ी को जोड़ने और प्रोत्साहित करने का एक प्रयास है। सचिव राजकुमार परसवानी एवं संगठन सचिव दीपक बेलानी ने बताया कि समाज के जिन वरिष्ठजनों और परिवारों के पास वाहन की सुविधा नहीं है, उनके लिए संस्था द्वारा निःशुल्क बस सेवा उपलब्ध कराई गई है। ऑक्सफोर्ड जूनियर कॉलेज की बस, प्रातः 10.30 बजे अलखधाम नगर स्क्वर्ग सुंदरम अपार्टमेंट के पास खड़ी रहेगी। वापस अलखधाम नगर छोड़ने की व्यवस्था भी रहेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील जवाहर जयसिंघानी, अशोक चावला, जवाहर सन्मुखानी और सौरभ बेलानी ने की है।

40 वें नाट्य समारोह में गोरखपुर के कलाकारों का शानदार अभिनय

उज्जैन। कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्यगृह में चल रहे अभिनव रंगमंडल के 40वें अखिल भारतीय नाट्य समारोह के छठे दिन, शनिवार को हास्य और व्यंग्य का अनूठा संगम देखने को मिला। यहां रूपांतर नाट्य मंच, गोरखपुर ने नोबेल पुरस्कार विजेता इटालियन नाटककार दारियो फो की प्रसिद्ध कृति द वर्चअस बर्गलर का हिंदी रूपांतरण चोर! कौन चोर? का प्रभावी मंचन किया।

वरिष्ठ रंगकर्मी अपर्णेश मिश्र के निर्देशन और आदित्य राजन के सहायक निर्देशन में प्रस्तुत इस नाटक ने मध्यमवर्गीय जीवन के यथार्थ, नैतिक खोखलेपन और दिखावे पर करारा प्रहार किया। कहानी एक चोर (प्रखर कृष्ण त्रिपाठी) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो चोरी करने एक सूने मकान में घुसता है। तभी मकान मालिक (आदित्य राजन) अपनी पत्नी के बजाय अपनी महिला मित्र (सृष्टि गौड़) के साथ वहां आ धमकता है।

इसके बाद चोर की पत्नी (श्वेता शर्मा) का शक, मकान मालकिन (आकृति तिवारी) का आगमन, महिला मित्र के पति (अंकित केसरी) और दूसरे चोर (विक्की प्रजापति) की एंट्री से मंच पर ऐसी हास्यास्पद और जटिल परिस्थितियां बनीं कि दर्शक लोटपोट हो गए। नाटक ने हंसी के माध्यम से व्यभिचार, झूठ और सामाजिक दायित्वहीनता को बड़ी खूबसूरती से उजागर किया।

प्रकाश परिकल्पना में निशिकांत पाण्डेय द्वारा दृश्यों के अनुरूप सटीक लाइटिंग दी। ध्वनि प्रभाव: चंदन यादव के पार्श्व संगीत ने नाटक को गति दी। रूप सज्जा सृष्टि गौड़ व निशिकांत पाण्डेय का रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. राधावल्लभ त्रिपाठी, डॉ. जय श्रीवास्तव, हरीश कुमार सिंह, निर्देशक अपर्णेश मिश्र और डॉ. पांखुरी वक्त मंचासीन थे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. पांखुरी वक्त ने किया। आलोचकों और दर्शकों ने नाटक के प्रवाह और अभिनय की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। वरिष्ठ रंगकर्मी शरद शर्मा ने बताया कि समारोह का समापन रविवार, 8 फरवरी को अभिरंग नाट्यगृह, कालिदास अकादमी में होगा। समापन संध्या पर मेजबान संस्था अभिनव रंगमंडल द्वारा प्रसिद्ध हिंदी लेखक स्व. निर्मल वर्मा की कालजयी कहानियों पर आधारित दो नाटक धूप का टुकड़ा और डेढ़ इंच ऊपर का मंचन किया जाएगा।

मिल कंपाउंड में 150 साल पुरानी दरगाह का अतिक्रमण हटाया

उज्जैन। नगर निगम ने शनिवार को अतिक्रमण मामले में बड़ी कार्रवाई की। यहां नजरअली मिल कम्पाउंड परिसर में स्थित 150 साल पुरानी पांच पीर वाली गेब शाह बाबा की दरगाह और मजार के पास किये अवैध अतिक्रमण को निगम की टीम ने ध्वस्त कर दिया। इस दौरान भारी संख्या पुलिस बल मौजूद रहा, शाम को एक बार फिर लोग एकत्रित हो गए जिसके चलते पुलिस पर मौके पर पहुंचा और उन्हें कंपाउंड परिसर से बाहर कर दिया। आगर रोड स्थित नजर अली मिल कम्पाउंड में वर्षों पुरानी दरगाह और मजार के पास अतिक्रमण कर शेड बना लिया था। जिसकी लगातार हो रही शिकायत को देखते हुए निगम ने दरगाह कमेटी को कई नोटिस दिए। बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाने पर शनिवार को भारी संख्या में निगम का अमला जेसीबी, कटर लेकर मौके पर पहुंचा और मजार की बाउंड्री व शेड को तोड़ दिया। सीएसपी राहुल देशमुख ने बताया कि धर्म स्थल से अतिक्रमण हटाने के दौरान 3 थानों के टीआई सहित 50 से अधिक का पुलिस बल मौजूद रहा। नोटिस देने के बाद ही कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के समय कोई विरोध नहीं हुआ। इस दौरान दर्गा के बाहर बना शेड और बाउंड्री हटाने के साथ करीब एक दर्जन पेड़ भी काटना पड़े।

दरगाह कमेटी खुद तोड़ेगी अतिक्रमण

दरगाह कमेटी के मोहम्मद गुफरान ने बताया कि पांच पीर वाली गेबशाह बाबा के नाम से मशहूर दरगाह और मजार है जोकि करीब 150 साल पुरानी है , सभी धर्म के लोग यहां आते हैं। नगर निगम ने 29 और 16 नोटिस दिया था। जिसका जवाब दे दिया था। दरगाह छोड़ बाकी निर्माण तोड़कर निगम ने तार फेंसिंग कर दी। अब शेष अतिक्रमण खुद हटा रहे है। रमजान आने वाला है। शेड हटाने पर हम किस तरह से इबादत करेंगे।

नि:शुल्क नेत्र एवं चश्मा वितरण शिविर 10 को

उज्जैन। सामाजिक सरोकारों को समर्पित संस्था नई पहल नई सोच सामाजिक संगठन द्वारा मानवता की सेवा में एक और कदम बढ़ाते हुए अपना 11वां सर्वधर्म आई चेक-अप एवं नि:शुल्क चश्मा वितरण शिविर आयोजित किया जा रहा है। संस्था के पदाधिकारी सैयद अबीद अली, मीर शाहिद हाशमी और आदिल एहसान ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर 10 फरवरी को आयोजित होगा। शिविर का आयोजन बियाबानी स्थित नगर निगम कम्युनिटी हॉल महालक्ष्मी अपार्टमेंट के सामने किया गया है। संयोजक शेख इलियास और एडवोकेट आजम बेग रहेंगे। शिविर को सफल बनाने और जरूरतमंदों तक इसका लाभ पहुंचाने की अपील अब्दुल रजा खान, एहताद अंसारी बादशाह, सैयद शाहनवाज अली, कर्नल आतिफ अंसारी, सैयद उबेद अली और अनवर खान आदि वरिष्ठ जनों ने की है।

लुटेरी दुल्हन : फरार मुख्य आरोपी गिरफ्तार

उज्जैन। 10 दिन पहले लुटेरी दुल्हन का मामला सामने आया था। पुलिस ने दुल्हन और गिरोह से जुड़े दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। मुख्य आरोपी फरार था जिसे शनिवार को गिरफ्तार किया गया है। भाटपचलाना थाना पुलिस ने बताया कि 29 जनवरी को दिलीप धानुका निवासी ग्राम मसवाडिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह एवं उसके परिजन विवाह के लिए लड़की की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान आरोपियों के माध्यम से उनकी मुलाकात पायल क्षारिया निवासी भोपाल से कराई गई। मुकेश पिता भेराजी धानुका निवासी ग्राम सरवना, लखन पिता सीताराम बलाई निवासी ग्राम उमरना तथा एक अन्य व्यक्ति द्वारा शादी के नाम पर 1.40 लाख की मांग की गई, जिसमें से 90 हजार दिए किए गए। 19 जनवरी को गजनीखेड़ी में विवाह संपन्न कराया गया। विवाह के पश्चात मात्र 8-10 दिनों में पायल द्वारा लगातार अतिरिक्त राशि की मांग की जाने लगी तथा 29 जनवरी को वह अवसर पाकर मुकेश के साथ फरार हो गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा त्वरित दबिश देते हुए पायल पिता राकेश क्षारिया निवासी भोपाल, मुकेश पिता भेराजी धानुका निवासी ग्राम सरवना, जुनैद उर्फ अमन पिता युसुफ खान निवासी सुजानगढ़ (राजस्थान) को गिरफ्तार कर लिया था। मुख्य आरोपी लखन पिता सीताराम बलाई 35 वर्ष निवासी ग्राम उमरना थाना बिरलाग्राम घटना दिनांक से फरार था, जिसे शनिवार को तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर गिरफ्तार कर लिया गया है।

कृषि बीमा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

उज्जैन। उज्जैन में मत्स्य पालन विभाग द्वारा गत दिवस प्रधानमंत्री मत्स्य कृषक समृद्धि सह योजना अंतर्गत जलीय कृषि बीमा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कार्यालय उप संचालक मत्स्योद्योग कार्यालय में किया गया। मत्स्य कृषकों द्वारा भागीदारी कर योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जलीय कृषि बीमा द्वारा मछली किसानों को प्राकृतिक आपदाओं, बीमारियों और अनिश्चितताओं के कारण होने वाले जोखिम से सुरक्षा प्रदान करना है। जलीय कृषि बीमा के लिए आवेदन ऑनलाइन प्रक्रिया पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता है। जिसकी जानकारी एनएफडीपी पोर्टल पर पंजीयन कर प्राप्त कर सकते है या कार्यालय उपसंचालक मत्स्योद्योग, मुनिनगर दो तालाब में संपर्क कर प्राप्त कर सकते है।

11 व्यक्तियों को छह-छह माह के लिए जिलाबदर किया

उज्जैन। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रौशन कुमार सिंह ने देवासगेट थाना क्षेत्र के कालू उर्फ टेंशन, उर्फ रितेश पिता हेमराज, महिदपुर थाना क्षेत्र के अकरम पिता मोहम्मद हनीफ, दशरथ पिता रतनलाल , माधवनगर थाना क्षेत्र के भरत उर्फ भर्रा गेहलोत पिता राजू गेहलोत, महाकाल थाना क्षेत्र के रोहित उर्फ टल्ला पिता अय्यूब शाह उर्फ राजू शाह, चिमनगंजमंडी थाना क्षेत्र के भूरा उर्फ ओहिल उर्फ आहिल पिता शफीक, छींगु उर्फ यशवेन्द्र पिता जीतू उर्फ जितेन्द्र बुन्देला, नीलगंगा थाना क्षेत्र के मयूर उर्फ मयूरेश पिता शरद व्यास, घट्टिया थाना क्षेत्र के दिलीप पिता रमेश बागडिया, पंवासा थाना क्षेत्र के मोहसिन पिता फारुख मंसूरी, भाटपचलाना थाना क्षेत्र के भुरू उर्फ भूरालाल पिता रामलाल मावी को छह-छह माह के लिए जिला बदर किया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए है। आदेश के तहत सभी 11 व्यक्तियों को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत उज्जैन जिला एवं उज्जैन जिले की सीमावर्ती जिले देवास, इंदौर, रतलाम, शाजापुर, मंदसौर, धार एवं आगर मालवा की राजस्व सीमाओं से छह-छह माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। यदि उक्त अनावेदकों के विरुद्ध कोई प्रकरण उज्जैन जिले में स्थित न्यायालय में चल रहा हो तो वे नियत पेशी पर उपस्थित हो सकेंगे, परन्तु इसके पूर्व अनावेदक को संबंधित थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देनी होगी। न्यायालय में पेशी होने के तुरन्त पश्चात कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी न्यायालय के आदेश का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

7 माह से फरार इनामी आरोपी इंदौर से पकड़ाया

उज्जैन। धोखाधड़ी गिरोह में शामिल आरोपी सात माह से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। क्राइम ब्रांच की टीम ने फरार इनामी आरोपी को इंदौर से गिरफ्तार किया है। जिसे न्यायालय में पेश किया गया।

पानबिहार चौकी प्रभारी जयंत डामोर ने बताया कि 1 जुलाई 2025 को ग्राम भीलखेड़ा में रहने वाले रवि मालावत की जेसीबी शाहरूख पिता अयुब शाह निवासी तंजीम नगर इंदौर ने किराये पर ली थी। उसने किराया ना देकर उक्त जेसीबी को अपने साथियों की मदद से महाराष्ट्र के धूलिया में बेच दिया था। रवि मालावत की शिकायत पर प्रकरण दर्ज करने के बाद धूलिया से जेसीबी को जब्त कर धोखाधड़ी में शामिल इब्राहीम खान निवासी धुलिया महाराष्ट्र, रईस खान निवासी मोहल्ला नई दिल्ली उन्हेल और नईम खान निवासी आजाद नगर इंदौर को गिरफ्तार किया था। धोखाधड़ी का मुख्य आरोपी शाहरूख फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। गुरुवार-शुक्रवार रात क्राइम ब्रांच टीम के साथ पानबिहार चौकी पुलिस ने फरार इनामी आरोपी को इंदौर से गिरफ्तार कर लिया गया। सात माह बाद गिरफ्त में आये आरोपी को शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया है।

कृषकों की ट्रालियों पर मंडी प्रशासन एवं यातायात पुलिस ने रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए

कृषकों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरुक किया

उज्जैन। जिला सड़क सुरक्षा समिति उज्जैन की बैठक में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह द्वारा प्रदत्त निर्देशों के परिपालन में 7 फरवरी शनिवार को सचिव मंडी उज्जैन राजेश गोयल तथा डीएसपी ट्राफिक विक्रम सिंह एवं अनाज तिलहन व्यवसायी संघ चिमनगंज मंडी उज्जैन के अध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल, सचिव हजारीलाल मालवीय, व्यापारी संघ के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों द्वारा मंडी प्रांगण में उपज विक्रय के लिए कृषकों की लाई गई ट्रालियों के पिछले हिस्से में रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए गए तथा उपस्थित कृषकों को बताया गया कि मार्ग में ट्रैक्टर, ट्राली आवागमन के दौरान पीछे से आने वाले वाहन चालकों को ट्राली के पीछे लगे रेडियम रिफ्लेक्टर के कारण पता चल सकेगा कि आगे ट्रैक्टर, ट्राली जा रही है और इससे किसी प्रकार की दुर्घटना नहीं होगी।

प्राय: ट्राली के पीछे लाईट नहीं लगी होने के कारण वाहन चालकों को आगे जा रही ट्राली का पता नहीं चलता और वाहनों की टक्कर होती है। रेडियम रिफ्लेक्टर लगे होने से इस प्रकार की दुर्घटनाएं नहीं होगी। कृषकों को ट्रैक्टर, ट्राली सड़क के किनारे खड़ी करने इत्यादि सुरक्षात्मक उपाय भी कृषकों को समझाए गए तथा अवगत कराया गया कि रेडियम रिफ्लेक्टर लगाने की यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान मंडी समिति की ओर से महेन्द्र जैन तथा दीपक श्रीवास्तव, सुरक्षा सुपरवाईजर राकेश डाबी उपस्थित रहे। कृषकों द्वारा शासन तथा यातायात विभाग की उपरोक्त पहल का स्वागत किया गया तथा प्रशंसा की गई। सचिव मंडी समिति उज्जैन राजेश गोयल, उप पुलिस अधीक्षक यातायात विक्रम सिंह तथा अनाज तिलहन व्यवसायी संघ चिमनगंज मंडी उज्जैन के पदाधिकारियों द्वारा कृषकों से अपील की जा रही है कि कृषक भाई रेडियम रिफ्लेक्टर न्यूनतम व्यय पर स्वयं भी लगाकर सुरक्षा के उपाय कर सकते हैं तथा अपने वाहन एवं जीवन को सुरक्षित कर सकते हैं।

शिव विवाह की धूम — शाम को नवीन वस्त्र, चांदी के आभूषणों व नारंगी की माला में सजे भगवान महाकाल

महाकाल मंदिर में शिव नवरात्रि के दूसरे दिन गर्भगृह में 11 ब्राह्मणों ने किया अभिषेक

नवभारत न्यूज

उज्जैन। महाकाल मंदिर में शिव नवरात्रि के दूसरे दिन शनिवार को गर्भगृह में 11 ब्राह्मणों ने अभिषेक-पूजन किया। इसके पूर्व कोटितीर्थ कुंड के किनारे श्री कोटेश्वर महादेव का पूजन व आरती हुई। पुजारी घनश्याम शर्मा के आचार्यत्व में 11 ब्राह्मणों ने भगवान का एकादश-एकादशनी रुद्रपाठ के साथ अभिषेक किया। दोपहर 3 बजे बाद संध्या पूजन कर नवीन वस्त्रों से श्रृंगार किया गया। मेखला, दुपट्टा, मुकुट, मुंड-माला, छत्र आदि से सुसज्जित कर भांग, चंदन और सूखे मेवों से दिव्य श्रृंगार कर नारंगी की माला एवं मुंड-माला अर्पित की गई। 8 फरवरी को भगवान का शेषनाग श्रृंगार होगा।

सिंगर मीका सिंह व किसान नेता टिकैत ने किए दर्शन

बॉलीवुड सिंगर मीका सिंह शनिवार को उज्जैन में महाकाल के दर्शन किए। वे अल सुबह भस्मारती में शामिल हुए। मीका इंदौर में कार्यक्रम करने आए थे। इसके बाद वे तड़के 4 बजे मंदिर पहुंचे। मीका ने कहा यह उनका सौभाग्य है कि भगवान महाकाल ने उन्हें अपने दर्शन के लिए बुलाया। राष्ट्रीय किसान नेता राकेश टिकैत भी शनिवार को उज्जैन आए व महाकाल दर्शन किए। स्थानीय किसान नेताओं ने उनका स्वागत किया। टिकैत ने मीडिया से कहा कि पूरे देश में एमएसपी गारंटी कानून लागू होना चाहिए, ताकि कोई भी फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम पर न बिके।

आज नि:शुल्क अभिमंत्रित रुद्राक्ष वितरण

उज्जैन। इस वर्ष महाशिवरात्रि (15 फरवरी) पर ग्रहों का ऐसा दुर्लभ संयोग बन रहा है जो भक्तों के लिए विशेष फलदायी साबित होगा। शासकीय पुजारी एवं ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्ण शंकर व्यास ने बताया कि इस बार महाशिवरात्रि रविवार को है। चूंकि संवत्सर के राजा सूर्यदेव हैं और रविवार उनका ही दिन है, इसलिए यह पर्व विशेष शुभ माना जा रहा है। पं. अजय कृष्ण शंकर व्यास के अनुसार इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है, जो कार्यों में सफलता दिलाता है। मकर राशि में चंद्र-मंगल की युति और कुंभ राशि में शुक्र-बुध का होना महालक्ष्मी योग का निर्माण कर रहा है। यह योग व्यापार, व्यवसाय और आमदनी के लिए अत्यंत शुभ है। शाम 7.48 तक उत्तराषाढ़ा नक्षत्र रहेगा, जिसके बाद श्रवण नक्षत्र शुरू होगा, जिसे शिववास माना जाता है। इस दौरान की गई पूजा और अभिषेक मनोकामना पूर्ति और गृहस्थ जीवन में सुख-शांति लाते हैं। महाकाल की नगरी में इस पर्व को शिव नवरात्रि महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में रामघाट स्थित 3/84 श्री ढूंढेश्वर महादेव मंदिर में सुबह 10 बजे से भव्य आयोजन होंगे। मंदिर में भगवान का अभिषेक, श्रृंगार, पूजन और अन्नकूट होगा।

तीन दिवसीय तलवारबाजी एवं लट्ठ संचालन प्रशिक्षण का समापन

उज्जैन। शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, में वामिका पूर्व छात्रा संगठन के तत्वावधान में 5 फरवरी से आयोजित तीन दिवसीय तलवारबाजी एवं लट्ठ संचालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम वामिका पूर्व छात्रा संगठन की प्रभारी डॉ. लीना शाह के संयोजन में और रजनी नरवरिया के प्रशिक्षण में संचालित किया गया।

समापन अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने छात्राओं को संबोधित भी किया। महाविद्यालय के आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. अजय भार्गव ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना करते हुए छात्राओं को इस विद्या का निरंतर अभ्यास करते रहने हेतु प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. महेंद्र जैन ने छात्रहित में इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को समय-समय पर आयोजित किए जाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ग्रंथालय सहयोगी जितेंद्र कुशवाहा एवं विद्या वीन का विशेष सहयोग रहा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. मीना मोघे, डॉ. कविता जैन, डॉ. सरिता यादव, डॉ. सरोजिनी टोपनो, डॉ. पूजा साहू, डॉ. सीमा उपाध्याय, डॉ. रूपा भावसार, डॉ. मनीष परमार, डॉ. अंजना जयसवाल, डॉ. पीयूष पांडे, डॉ. भावना नागर, डॉ. मधु बाला राठौर, डॉ.मीरा यादव, डॉ. अरविंद शर्मा, मोनिका परमार, डॉ. योगिता खटके सहित अनेक प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।